# 38वीं हरियाणा राज्य सीनियर योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का हुआ शुभारंभ

## दो दिवसीय सीनियर स्टेट योगा स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का शुभारंभ अग्रवाल कॉलेज से हुआ

**ह्यूमन इंडिया/बलराम बंसल**

**बल्लभगढ़।** 38वीं हरियाणा राज्य सीनियर योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का शुभारंभ 20 अगस्त 2022 को ऑनलाइन माध्यम से अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ से हुआ कार्यक्रम में हरियाणा राज्य के 22 जिलों के 700 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया प्रतियोगिता का शुभारंभ वैदिक मंत्रों के उच्चारण सहित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक कुमार अग्रवाल प्रेसिडेंट हरियाणा हरियाण स्टेट योगा एसोसिएशन ने की, कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता ने शिरकत की .कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में योगा फेडरेशन ऑफ इंडिया की प्रेसिडेंट इंदु अग्रवाल मैम रही। डॉ कृष्णकांत गुप्ता ने बताया कि योग अपने आप में एक संपूर्ण स्वास्थ्य विद्या है योग के माध्यम से हम अपने शरीर को स्वस्थ एवं निरोगी रख सकते हैं डॉ कृष्णकांत गुप्ता ने सभी खिलाडियों को मार्गदर्शन करते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से खेले एवं अपने शरीर का भी पूर्ण तरह ध्यान रखें। अशोक कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस



चैंपियनशिप में चयनित होने वाले छात्रों को आगे आने वाली राष्ट्रीय स्तर योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा एवं हरियाणा राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने का मौका मिलेगा। प्रतियोगिता को 18 से 21 आयु वर्ग पुरुष एवं महिला 21 से 25 आयु वर्ग पुरुष एवं महिला 25 से 30 आयु वर्ग पुरुष एवं महिला 30 से 35 आयु वर्ग पुरुष एवं महिला 35 से 45 आयु वर्ग पुरुष एवं महिला एवं 45 से अधिक आयु वर्ग में संपन्न किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ संजीव पाठक, कृष्णा मूर्ति, प्रदीप, अरिंदम मित्रा, श्याम आर्य सहित समस्त निर्णायक मंडल रेफरी ऑफिशियल एवं खिलाड़ी मौजूद रहे।